## न्यूज डायरी



### इमरान खान का नाम ECL में शामिल करने की मांग वाली याचिका खारिज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें पूर्व पीएम इमरान खान और उनकी कैबिनेट के अन्य साथियों का नाम एग्जिट कंट्रोल लिस्ट में शामिल करने की मांग की गई थी। जियो न्यूज की दी जानकारी के मुताबिक कोर्ट ने अपने फैसले में याचिकाकर्ता पर एक लाख जुर्माना भी लगाया है। याचिकाकर्ता ने अपनी अपील में ये भी मांग की थी कि इमरान खान द्वारा दिखाए गए धमकी भरे खत की भी जांच की जानी चाहिए। बता दें कि कोर्ट ने इस मामले में अपना आदेश रिजर्व कर लिया था। जियो न्यूज के मुताबिक ये याचिका मौलवी इकबाल हैदर ने इमरान खान के पीएम पद से हटने के बाद दायर की थी। सोमवार को कोर्ट के चीफ जस्टिस अथर मिनाल्लाह ने इस याचिका पर पांच पेज का आदेश पढ़कर सुनाया।

### ईद के बाद पाकिस्तान लौट सकते हैं नवाज शरीफ, लंदन में करा रहे थे इलाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ईद के बाद अगले माह पाकिस्तान वापस लौट सकते हैं। यह जानकारी PML-N के वरिष्ठ नेता ने दिया। इमरान खान को लेकर इन दिनों पाकिस्तान में राजनीतिक हलचलें तेज हैं। इस बीच मियां जावेद लतीफ ने कहा, PML-N सुप्रीमो और तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके शरीफ की अपेक्षित वापसी के मामले पर गठबंधन में शामिल पार्टियों के साथ विचार–विमर्श किया जाना है। मई के पहले सप्ताह में ईद मनाई जाएगी। देश में राजनीतिक अस्थिरता की बात कहते हुए लतीफ ने बताया कि गठबंधन की सरकार छह माह से अधिक नहीं चलेगी और इसका एकमात्र समाधान नए सिरे से चुनाव कराना है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार ने 72 वर्षीय पीएमएल–एन के सुप्रीमो नवाज शरीफ के खिलाफ अनेक भ्रष्टाचार के मामले चलाए। नवाज शरीफ को साल 2017 की जुलाई में पनामा पेपर्स मामले को लेकर अपदस्थ किया गया था।

### एनए से इस्तीफा देने के मुद्दे पर इमरान खान की पीटीआई दो फाड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के नेता अली मुहम्मद खान ने रविवार को दावा किया कि संसद में PTI के 95 फीसद सांसद असेंबली से इस्तीफा देने के खिलाफ हैं। इससे कुछ ही घंटे पहले इस्लामाबाद में अपने प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने बताया था कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज अध्यक्ष शाहबाज शरीफ का नामिनेशन नेशनल असेंबली के सचिवालय द्वारा स्वीकार कर लिया गया है इसलिए सोमवार को नेशनल असेंबली से उनके पार्टी सांसद इस्तीफा देंगे। उल्लेखनीय है कि शनिवार और रविवार की बीच रात पाकिस्तान की संसद से अदालत तक हलचल रही। देर रात अविश्वास प्रस्ताव पर संसद में वोटिंग हुई। इस दौरान इमरान खान निचले सदन में उपस्थित नहीं थे और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के सांसदों ने भी वाक आउट किया था।

### शाहबाज शरीफ के बेटे हमजा की विशेष कोर्ट के समक्ष हो सकती है पेशी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान में प्रधानमंत्री बनने से पहले ही शाहबाज शरीफ मुश्किलों में घिरते नजर आ रहे हैं। उन्हें विपक्ष की ओर से साझा प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार माना जा रहा है। वहीं, उनके बेटे हमजा शाहबाज पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला भी चल रहा है। इस मामले में हमजा की सोमवार को पाकिस्तान की विशेष अदालत में पेशी भी हो सकती है। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) की विशेष अदालत ने चार अप्रैल को 14 अरब पाकिस्तानी रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शहबाज और हमजा को आरोपित करने के लिए सोमवार यानी 11 अप्रैल को पेश होने को कहा था। शनिवार की देर रात पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास होने के बाद शाहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री बनने की सबसे अधिक चर्चा हो रही है।

# शादियों के शहंशाह शाहबाज शरीफ इमरान से भी दो कदम आगे

राजनीति

## पत्नी को घर पहुंचने में न हो देरी, बनवा दिया हनी ब्रिज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में सेना के बल पर सत्ता में आए इमरान खान की सत्ता को उखाड़ फेंकने वाले पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज गुट के नेता शाहबाज शरीफ देश के अगले प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इमरान खान ने शाहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा से गुहार लगाई है लेकिन उनकी यह चाल भी नाकाम रही है।

पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के भाई शाहबाज आज पाकिस्तान के अगले प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। निजी जीवन में शाहबाज शरीफ शादियों के मामले में अपने पूर्ववर्ती इमरान खान से भी 2 कदम आगे हैं। शाहबाज का अपनी बेगम को जल्दी घर पहुंचाने के लिए फ्लाईओवर बनवा देने का किस्सा भी मशहूर है। यही नहीं अपने प्यार की खातिर शाहबाज ने भाई नवाज शरीफ से भी पंगा ले लिया था।



शाहबाज शरीफ अपनी 5 शादियों के लिए पाकिस्तान में मशहूर हैं। शाहबाज शरीफ ने सबसे पहले 1973 में बेगम नुसरत शाहबाज से शादी की थी। यह शादी साल 1993 तक चली। इसके बाद शाहबाज ने आलिया हनी से निकाह किया। नवाज शरीफ ने शाहबाज–आलिया से शादी का जोरदार विरोध किया और तलाक लेने के लिए कहा लेकिन वह नहीं मानें। यह शादी भी 1994 तक चली। इसी बीच शाहबाज ने निलोफर खोसा से साल 1993 में शादी की। इसके बाद शाहबाज शरीफ ने साल 2003 में सोशलाइट तेहमीना दुर्रानी से गुपचुप तरीके से शादी रचाया। वर्ष 2012 में शाहबाज ने कलसुम हयी से सीक्रेट तरीके से निकाह किया।

इस तरह से शाहबाज शरीफ ने 5 बार शादी की है और वह इमरान खान की 3 शादियों से दो कदम आगे हैं। यही नहीं शाहबाज शरीफ अभी दो पत्नियों नुसरत और तेहमीना दुर्रानी के साथ रहते हैं। शाहबाज 3 पत्नियों आलिया हनी, निलोफर खोसा और कुलसुम हई को तलाक दे चुके हैं। पाकिस्तान के होने वाले पीएम के नुसरत दो बेटे और तीन बेटियां हैं। वहीं आलिया हनी से उनकी बेटी है। शाहबाज शरीफ का बेटा पंजाब प्रांत में मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में आगे चल रहा है। उनका दूसरा बेटा सुलेमान शाहबाज अरबों रुपये का पारिवारिक बिजनस देखता है।

शाहबाज के बारे में कहा जाता है कि पत्नी आलिया हनी को घर पहुंचने में देरी न हो इसके लिए उन्होंने पंजाब में एक फ्लाईओवर बनवा दिया। इसे हनी ब्रिज के नाम से जाना जाता है। शाहबाज शरीफ के सोशलाइट और उपन्यासकार तेहमीना दुर्रानी से शादी करने की काफी चर्चा हुई थी। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक शाहबाज शरीफ और तेहमीना के बीच 8 साल तक चले प्रेम के बाद पाकिस्तानी नेता ने उनसे चोरी से शादी कर ली थी। शाहबाज की इस शादी के बाद खुद उनकी पार्टी के नेता सकते में आ गए थे। उन्होंने इस शादी के बारे में घर वालों को भी नहीं बताया था। शाहबाज शरीफ कैंसर को मात दे चुके हैं।

## चौकीदार चोर है...पाकिस्तानी सेना पर भड़के इमरान खान समर्थक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में इमरान खान की सत्ता जाते ही उनकी पार्टी पीटीआई के समर्थक सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पर बुरी तरह से भड़क गए हैं।

पीटीआई की एक रैली में जनरल बाजवा के खिलाफ चौकीदार चोर है के नारे लगाए गए हैं। इसी नारे को भारत में सबसे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लगाया था। अब पीटीआई के समर्थक इमरान खान को सत्ता से हटाने पर पाकिस्तानी सेना के खिलाफ इसी नारे का इस्तेमाल कर रहे हैं।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लाल हवेली इलाके में जमा भीड़ ने पाकिस्तान सेना को चौकीदार की संज्ञा दी और उसे चोर करार दिया। इस दौरान पूर्व गृहमंत्री और सेना के करीबी शेख रशीद रैली को संबोधित कर रहे थे। इस घटना के वीडियो से नजर आ रहा है कि शेख रशीद ने प्रदर्शनकारियों को सेना के खिलाफ नारेबाजी से रोकने का प्रयास भी किया। उन्होंने कहा, नारेबाजी नहीं करें.... हम शांति से लड़ेंगे।

अविश्वास प्रस्ताव की ओर इशारा करते हुए शेख रशीद ने पीटीआई समर्थकों से कहा कि अगर आप अपने देश को बचाना चाहते हैं तो फैसले गुपचुप तरीके से न लें।



## पाकिस्तान में आरिफ अल्वी राष्ट्रपति पद से नहीं देंगे इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में मचा सियासी भूचाल अभी थमा नहीं है। पिछले माह से जारी सियासी घमासान में एक भूमिका वहां के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी की भी रही थी। पहले कहा जा रहा था कि वो भी अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। हालांकि, अब उन्होंने इससे साफ इनकार कर दिया है। पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट में राष्ट्रपति आफिस का हवाला देते हुए कहा है कि वो इस्तीफा देने के खिलाफ हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने इमरान खान को केयरटेकर पीएम बने रहने का आदेश पारित किया था। अपने आदेश में उन्होंने इमरान खान की सलाह पर नेशनल असेंबली को भंग कर दोबारा चुनाव कराने की भी बात कही थी।

# पुतिन के दोस्त को शी जिनपिंग ने भेजी घातक एचक्यू-22 मिसाइलें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। रूस और यूक्रेन में भीषण जंग के बीच चीन ने अपने 6 विशालकाय Y–20 कार्गो एयरक्राफ्ट की मदद से मास्को के सहयोगी देश सर्बिया को कथित रूप से अत्याधुनिक मिसाइल सिस्टम भेजा है। माना जा रहा है कि यह चीन की वायुसेना की ओर से विदेश में किया गया अब तक का सबसे बड़ा अभियान है। बताया जा रहा है कि चीन ने सर्बिया को एचक्यू–22 सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली भेजी है।

यह अपने आप में दुर्लभ है कि चीनी की वायुसेना ने यूरोप में इतने बड़े पैमाने पर ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को तैनात किया है। चीन की सरकार ने अभी तक इस मिशन की पुष्टि नहीं की है लेकिन उसकी सरकारी मीडिया का दावा है कि इन विमानों के जरिए FK–3 मिसाइल सिस्टम को भेजा गया है जो HQ–22 मिसाइल सिस्टम का निर्यात संस्करण है।

चीन ने इस मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति ऐसे समय पर की है जब रूस और यूक्रेन के बीच पिछले करीब डेढ़ महीने से भीषण जंग जारी है। यही नहीं रूस ने चीन से हथियारों की मदद भी मांगी है। साथ ही पश्चिमी देश बाल्कन इलाके में हथियारों के जमावड़े से चिंतित हैं।

चीन के Y–20 विमानों के बेड़े की तैनाती को यूक्रेन संकट के बीच चीन के रणनीतिक पहुंच का प्रदर्शन माना जा रहा है। चीन ने यूक्रेन पर रूस के हमले की निंदा नहीं की है। यही नहीं चीन ने संयुक्त राष्ट्र में रूस के समर्थन में वोट भी किया है।

### सर्बिया ने साल 2019 में एफके–3 मिसाइल सिस्टम को खरीदा

सर्बिया ने साल 2019 में FK–3 मिसाइल सिस्टम को खरीदा था जो चीन और इस यूरोपीय देश के बीच बढ़ते संबंधों को दर्शाता है। इस मिसाइल सिस्टम को ऐसे समय पर बेलग्रेड भेजा गया है जब सर्बिया के राष्ट्रपति के फिर से निर्वाचन पर चीनी राष्ट्रपति ने उन्हें बधाई दी थी।

## इमरान खान ने दी थी पाकिस्तान में मार्शल लॉ लगाने की धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान शनिवार को राजनीतिक उथल पुथल के बीच सत्ता से बाहर हो गए। इमरान खान ने आखिरी समय सत्ता को बचाए रखने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी लेकिन एक गलती उन्हें भारी पड़ गई। ताजा खुलासा हुआ है कि इमरान खान ने विपक्षी दलों के गठबंधन को सत्ता सौंपने की बजाय पाकिस्तान में मार्शल लॉ लगाने की धमकी दे दी थी। हालांकि पाकिस्तानी सेना को समय रहते इमरान के इस मंसूबे की जानकारी हो गई और उनका यह प्लान धरा का धरा रह गया। ब्रिटिश अखबार गार्डियन ने दस्तावेजों, सुरक्षा अधिकारियों और विपक्षी नेताओं के हवाले से खुलासा किया है कि इमरान खान ने अविश्वास प्रस्ताव आने के बाद सत्ता बचाने के लिए अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों और समय में कई प्रयास किए। हालांकि वह इसे रोकने में असफल रहे और शनिवार को अंतिम समय में सत्ता से बाहर होना पड़ा। इससे पहले इमरान ने कोशिश की कि वोट ही नहीं पड़ पाए और यही वजह थी कि उन्होंने संसद को ही भंग कर दिया।